Telephone No.–05278&245957
05278&245957
Email-rmlauregistrar@gmail.com

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांकः लो0अ0वि0 / शैक्ष0 / 3528 / 2021 दिनांकः 11–10–2021

अधिसूचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्राविधानों के आलोक में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2021–22) के पाठ्यकक्रमों में उच्च–शिक्षा विभाग, उत्तर–प्रदेश के निर्देशानुसार लागू किये गए एक समान पाठ्यक्रमों को लेकर विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा सन्दर्भित जिज्ञासाओं के अनुक्रम में तथा शासनादेश संख्या 1567 / सत्तर–3–2021–16(26) / 2011 टी0सी0 दिनॉक 13 जुलाई 2021 के क्रम में एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को अवगत कराया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्राविधानों से सम्बद्ध नवीन पाठ्यक्रमों को सत्र 2021–22 के लिए मात्र तीन विषय विकल्प आधारित पाठ्यक्रमों यथा–बी0ए0, बी–एस0सी0 एवं बी0–कॉम0 में ही लागू किया गया है। स्नातक स्तर के अन्य प्रोफेशनल पाठ्यक्रम यथा–बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी–एस0सी0–कृषि, बी–एस0सी0–गृहविज्ञान, एल0एल0बी0 इत्यादि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित पाठ्यक्रमों को सत्र 2022–23 से अथवा शासन द्वारा इस सम्बन्ध में सम्यक–निर्देश प्राप्त होने पर ही लागू किया जायेगा।

(उमा नाथ)
कुलसचिव

पृष्ठांकन व दिनांकः उपरोक्त
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रो0 एस0एन0 शुक्ला, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या
2. प्रोग्रामर ई0डी0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन पर अपलोड एवं वेबसाईट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
4. आशुलिपिक कुलसचिव।
5. पत्रावली।

(उमा नाथ)
कुलसचिव